भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 465**

जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है

**राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग**

465. श्री दामोदर अग्रवाल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत नौ वर्षों के दौरान राजस्थान में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों में क्या प्रगति हुई है;

(ख) भीलवाड़ा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य राजमार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भीलवाड़ा से देवली के बीच सड़कों के निर्माण का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या भीलवाड़ा जिले में सड़कों के रखरखाव और आधुनिकीकरण के संबंध में राजस्थान सरकार का कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विगत नौ वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राजस्थान में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) की प्रगति निम्नानुसार है:

| राजस्थान में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई | **निर्मित लंबाई (किमी में)** | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25*** |
| | 1063 | 1125 | 1075 | 728 | 1018 | 825 | 722 | 715 | 868 | 613 |

*** ( अक्टूबर 2024 तक )**

(ख) निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत छः राष्ट्रीय राजमार्ग (अर्थात् रारा-27, रारा-48, रारा-52, रारा-148-डी, रारा-158 और रारा-758) भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरते हैं, जिनकी इस संसदीय क्षेत्र में कुल 323 किलोमीटर लंबाई है। राज्यीय राजमार्गों(एसएच) के विकास और रखरखाव की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। राजस्थान सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 292 किलोमीटर की कुल लंबाई वाले 9 राज्यीय राजमार्ग भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरते हैं।

(ग) भीलवाड़ा से देवली के बीच की सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं बल्कि राज्यीय राजमार्ग है। केंद्रीय सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है।

(घ) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एवं रखरखाव एक सतत् प्रक्रिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकास/उन्नयन एवं रखरखाव कार्य संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता एवं निधियों की उपलब्धता के आधार पर किए जाते हैं। भीलवाड़ा जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए रखरखाव एवं आधुनिकीकरण कार्यों का विवरण एवं उनकी स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

**अनुबंध**

**राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में श्री दामोदर अग्रवाल द्वारा दिनांक 28.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 465 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध ।**

**विगत नौ वर्षों के दौरान भीलवाड़ा जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए कार्यों का विवरण**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रु. में)** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|
| 1 | रारा-158के ब्यावर-आसींद खंड (किमी 30.00 से किमी 74.00) का पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन का जीर्णोद्धार और उन्नयन। (पै.-II) | 206.23 | 10/01/2024 को पूर्ण हुआ |
| 2 | रारा-158 के आसींद - मंडल खंड (किमी 74.00 से किमी 116.750) का पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन का जीर्णोद्धार और उन्नयन। (पै.-III) | 186.32 | 22/12/2023 को पूर्ण हुआ |
| 3 | ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में किमी 56.140 से 102.920 (रारा-158 के डिजाइन किमी 30.050 से 74.000 तक बचा हुआ भाग) और किमी 17.605 से 40.905 (रारा-158 के डिजाइन किमी 74.000 से 116.750 तक बचा हुआ भाग) तक एक बारगी सुधार। | 12.19 | कार्यान्वयन के अंतर्गत (वास्तविक प्रगति = 29.16%) |
| 4 | राजस्थान राज्य में रारा-158 को रारा-48 से जोड़ने के लिए मंडल शहर (जिला- भीलवाड़ा ) तक पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन बाईपास का निर्माण (नए आरओबी के प्रावधान के साथ) । | 64.44 | निविदा चरण में |
| 5 | ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-158 ( रास-ब्यावर-बदनोर-आसींद-मांडल रोड) किमी 119/00 से 139/580 तक सुदृढ़ीकरण कार्य। | 8.16 | 08.10.2019 को पूर्ण हुआ |
| 6 | रारा-48 का गुलाबपुरा - चित्तौड़गढ़ खंड | 1239.82 | 14.08.2021 को सीओडी जारी किया गया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | रारा-758 का राजसमंद-भीलवाड़ा खंड। | 697.80 | 30.06.2017 को पूर्ण हुआ |
| 8 | भीलवाड़ा-लाडपुरा खंड। | 353.42 | 30.11.2017 को अनंतिम रूप से पूर्ण हुआ |
| 9 | रारा- 27 का चित्तौड़गढ़-कोटा खंड | 1087.83 | 08.12.2008 को पूर्ण हुआ |
| 10 | रारा-148डी का गुलाबपुरा से उनियारा खंड। | 1239.82 | 02.09.2021 को सीओडी जारी किया गया |
| 11 | रारा-52 का देवली -कोटा खंड | 1026.39 | 23.10.2018 को सीओडी जारी किया गया |
| 12 | रारा-48 (पुराना रारा-79ए और 79)का किशनगढ़ के गुलाबपुरा खंड को छह लेन का बनाना। | 1031.95 | 20.07.2022 को पूर्ण हुआ |
| 13 | रारा-148डी के भीम - पारसोली-गुलाबपुरा खंड को पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का बनाना। | 167.56 | 21.06.2016 को पूर्ण हुआ |

*****